# कार्यालय जिला पंचायत–कोरबा (छत्तीसगढ़)

पत्र क्र./ 3733 प्र.मं.आ.यो./2017 कोरबा दिनांक 30.8.17

प्रति,

नोडल अधिकारी
(अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी)
जिला कोरबा (छ.ग.)

विषय :– **जिला पंचायत कोरबा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत तकनीकी सहायक के पद हेतु विज्ञापन का प्रकाशन बाबत्।**

---::000::---

विषयांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत तकनीकी सहायक के स्वीकृत पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किये जाने हेतु प्रारुप व निर्देश आपकी ओर भेजी जा रही है। कृपया जिले के वेबसाईड www.korba.gov.in में अपलोड करवाने का कष्ट करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरबा (छ.ग.)
30/8/17

पृ. क्र./ 3744 /प्र.मं.आ.यो./2017 कोरबा दिनांक 30.8.17

प्रतिलिपि,

1. जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र (एन.आई.सी.) जिला कोरबा (छ.ग.) को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरबा (छ.ग.)
30/8/17

# कार्यालय जिला पंचायत–कोरबा (छत्तीसगढ़)

## //विज्ञापन//

पत्र क्र./ /प्र.मं.आ.यो./2017 कोरबा दिनांक ..............

विकास आयुक्त कार्यालय के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए समस्त जनपद पंचायतों के रिक्त तकनीकी सहायक की पदों की पूर्ति संविदा नियुक्ति द्वारा किये जाने के लिए आवेदन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा (छ.ग.) के नाम से दिनांक 11.09.2017 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार हैं :–

| क्र. | पद का नाम/संख्या | पद का आरक्षण | संविदा वेतन | योग्यता | मेरिट सूची अंक का निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1 | तकनीकी सहायक, पद संख्या 05 | **अनारक्षित** मुक्त 01, महिला 01, **अजजा.** मुक्त 01, महिला 01, **अपिव.** मुक्त 01 | 23010/– (एक मुश्त प्रतिमाह) | 1. बी.ई./बी.टेक सिविल/कृषि अभियांत्रिक, पॉलिटेक्नीक डिप्लोमा सिविल ब्रांच से, एम.एस.सी. भौतिक/गणित, बी.एस.सी. गणित<br>2.शासकीय एवं गैर शासकीय कार्य में कम से कम 02 वर्ष का अनुभव | हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए। | 60 |
| | | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंकों का Weightage देते हुए। | 40 |

पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरबा (छ.ग.)

नियम व शर्तें

1. निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से संबंधित जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा के नाम से दिनांक 11.09.2017 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय 5.00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। व्यक्तिगत रुप से सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. आयु न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु में छूट के संबंध में समय–सीमा पर जारी निर्देश के अनुरुप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2017 के आधार पर की जावेगी।
3. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबंध में शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
4. आवेदक को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।

5. संविदा नियुक्ति अधिकतम 3 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनो पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
6. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र. एफ.9–1/2012/1–3 दिनांक–31 दिसंबर 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्तें लागू होगी।
7. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
8. संविदा पर नियुक्त छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
9. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
10. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रुप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
11. जिले में प्राप्त कुल आवदेन पत्रों का मैरिट आधार पर सूची बद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा। तद्उपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।
12. सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा। 05 आवेदक को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा एवं भविष्य में पद रिक्त होता है तो उसे प्रतिक्षा सूची से भरा जावेगा।
13. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थानों में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
14. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
15. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
16. आवेदक, जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।
17. आवेदक जिनकी दो से अधिक सन्तान है, जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
18. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवीत हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
19. नियुक्ति के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
20. आवेदन का प्रारुप एनआईसी की वेबसाईड www.korba.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरबा (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारुप

## तकनीकी सहायक के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरबा (छ.ग.)

अभ्यर्थी
स्व–प्रमाणित
फोटो चिपकाये

1. आवेदक का पूरा नाम (अ) हिन्दी में :– ..................................................
   (ब) अंग्रेजी में :– ..................................................
2. आवेदक के पिता/पति का नाम :– ..................................................
3. लिंग (महिला/पुरुष) :– ..................................................
4. जन्मतिथि (अ) अंकों में :– ..................................................
   (ब) शब्दों में :– ..................................................
   (स) दिनांक 01.01.2017 को आयु वर्ष :– ................ माह ................ दिन ................
5. वर्ग (सामान्य/अ.जा.अ.ज.जा./अपिव.) :– ..................................................
6. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) :– ..................................................
   :– ..................................................
   :– ..................................................
7. स्थायी पता (हिन्दी में) :– ..................................................
   :– ..................................................
   :– ..................................................
8. मोबाईल नंबर :– ..................................................
9. ई–मेल आई डी :– ..................................................
10. शैक्षणिक योग्यता का वितरण :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांकों का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

11. अनुभव का विवरण निम्नानुसार :–

| क्र. | संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | कुल वर्ष |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. वैवाहिक स्थिति :–

क. विवाहित/अविवाहित :– ....................................................

ख. विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरी जावें :– ....................................................

विवाह का दिनांक :– ....................................................

ग. परिवार के संतान का विवरण :–

| क्र. | नाम | पुत्र/पुत्री | जन्म दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |

13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची।

1. :– ....................................................
2. :– ....................................................
3. :– ....................................................
4. :– ....................................................
5. :– ....................................................
6. :– ....................................................
7. :– ....................................................

....................................................

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्ण एवं सत्य है तथा किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकारी होगा।

दिनांक :– ............................

स्थान :– ............................

....................................................

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**